क्रिकेट | रोमांचक फाइनल में जबलपुर ने दिखाई दमदार बल्लेबाजी और गेंदबाजी

# सीनियर महिला क्रिकेट का खिताब जबलपुर ने जीता



**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा एमपीसीए स्टेडियम, नीमखेड़ा में आयोजित अंतर जिला सीनियर महिला एक दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का फाइनल मुकाबला बुधवार को जबलपुर और छिंदवाड़ा के बीच खेला गया। जबलपुर जिले ने टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए 50 ओवर में 05 विकेट पर 298 रन बनाए। जबलपुर की ओर से भूमि पटेल और आफिया खान ने 103 रनों की साझेदारी निभाई। पायल बाल्मिक ने भूमि पटेल के साथ 80 रनों की महत्वपूर्ण साझेदारी में योगदान दिया। पायल बाल्मिक ने 102* रन की नाबाद पारी खेली, जिसमें 15 चौके शामिल थे, वहीं भूमि पटेल ने 92 रन बनाए और 13 चौके लगाए। आफिया खान ने 37 रन का योगदान दिया।

### छिंदवाड़ा की कोशिशें और जबलपुर की गेंदबाजी

छिंदवाड़ा की ओर से पूनम अहिरवार ने 02 और दयाल सिरके ने 01 विकेट लिया। जवाब में छिंदवाड़ा ने 299 रनों के लक्ष्य को 49.4 ओवर में 10 विकेट पर 270 रन बनाकर पूरा किया। सान्या चौरसिया ने शतकीय पारी खेलते हुए 106 रन बनाए और 16 चौके लगाए। उन्होंने पूर्वी के साथ 146 रनों की साझेदारी निभाई। श्रष्टि नागपुरे ने 32 रन का योगदान दिया। जबलपुर की गेंदबाजी में सोनाली रजक ने बेहतरीन प्रदर्शन किया और 9.4 ओवर में 44 रन देकर 06 विकेट लिए। पायल बाल्मिक ने 02 और भूमि पटेल ने 01 विकेट लिया।

### प्रतियोगिता में इनको मिले विशेष पुरस्कार

प्रतियोगिता में सर्वश्रेष्ठ बल्लेबाज का खिताब सान्या चौरसिया (छिंदवाड़ा), सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज का खिताब सोनाली रजक (जबलपुर) - 8 विकेट, वुमन्स ऑफ द सीरीज का खिताब भूमि पटेल (जबलपुर) को दिया गया। विजेता टीम जबलपुर को ट्रॉफी और पुरस्कार जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ के सचिव सुशील रजक, प्रार्थना विश्वकर्मा, बबूसा और श्रुति जैन द्वारा प्रदान किए गए। मैच में अंपायर की भूमिका त्रिलोक नायडू, प्रतीक खरे ने निभाई, जबकि स्कोरर सिमरन रहीं।



# मंडला ने नरसिंहपुर को एक पारी व 3 रन से हराया

### अंतर जिला अंडर-13 क्रिकेट प्रतियोगिता में दिखा रोमांच

**नवभारत, जबलपुर।** जबलपुर संभागीय क्रिकेट संघ द्वारा आयोजित अंतर जिला अंडर-13 वर्षिय बालक वर्ग दो दिवसीय क्रिकेट प्रतियोगिता 2025-26 का आयोजन 17 से 18 मार्च 2026 को ओलंपिक ग्राउंड ईस्ट और सुभाष ग्राउंड वेस्ट लैंड स्टेडियम, खमरिया में संपन्न हुआ। पहले दिन खेले गए मैच में मंडला जिले ने नरसिंहपुर जिले को एक पारी और 3 रनों से हराया। नरसिंहपुर की टीम पहली पारी में केवल 60 रन बना सकी।

### नरसिंहपुर टीम 63 रन पर ऑलआउट

दूसरे दिन नरसिंहपुर की दूसरी पारी में टीम 63 रन पर ऑलआउट हुई। इस दौरान अभिज्ञान सिंह ने 28 (74) और विराट महोबिया ने 18 रन बनाए। मंडला की ओर से तन्मय चंडोक ने सर्वाधिक 5 विकेट लिए, जबकि स्पर्श पटेल ने 4 और अभिषेक राजपूत ने 1 विकेट लिया। संक्षिप्त स्कोर के अनुसार, नरसिंहपुर जिला पहली पारी 60 और दूसरी पारी 63 रन पर आउट हुआ। मंडला जिला ने पहली पारी में 126 रन बनाए और 66 रन की बढ़त हासिल की। मैच के अम्पायर थे आदित्य शर्मा और अंकित यादव, जबकि स्कोरर सचिन साहू रहे।

### आज होंगे ये मैच

आज 19-20 मार्च 2026 को बालाघाट विरुद्ध डिंडोरी जिला (वेस्ट लैंड) और जबलपुर विरुद्ध मंडला जिले (ईस्ट लैंड) के बीच मैच सुबह 9:30 बजे से खेला जाएगा।

# स्वच्छता के लिए अब सुबह 6 बजे से मैदान में उतरेगी टीम : निगमायुक्त



**नवभारत, जबलपुर।** शहर को स्वच्छता के शिखर पर ले जाने और 'स्वच्छ सर्वेक्षण' में नंबर वन बनाने के लिए नगर निगम अब 'एक्शन मोड' में आ गया है। निगमायुक्त राम प्रकाश अहिरवार ने सफाई ठेकेदारों और निगम के अधिकारियों के साथ एक महत्वपूर्ण समीक्षा बैठक की। बैठक का मुख्य उद्देश्य स्वच्छता अभियान की जमीनी हकीकत को सुधारना और सफाई व्यवस्था में नई ऊर्जा फूंकना रहा।

### फील्ड ही असली कार्यस्थल है

बैठक के दौरान निगमायुक्त ने स्पष्ट शब्दों में निर्देश दिए कि अब सभी जिम्मेदार अधिकारी और सफाई ठेकेदार प्रतिदिन सुबह 6 बजे से ही फील्ड में मौजूद रहेंगे। अहिरवार ने जोर देते हुए कहा अगर हमें अपने शहर को वाकई स्वच्छ बनाना है, तो हमें सूर्योदय के साथ मैदान में उतरना होगा। जब अधिकारी खुद जमीन पर खड़े होकर निगरानी करेंगे, तभी व्यवस्था में सुधार दिखेगा। उन्होंने बताया कि सुबह 6 बजे से सफाई कार्य शुरू करना अनिवार्य है। बैठक में कचरा संग्रहण वाहनों (डोर-टू-डोर) की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित करने भी निर्देश दिए।

### शहर के प्रति समर्पण का आह्वान

निगमायुक्त ने ठेकेदारों को प्रेरित करते हुए कहा कि सफाई की सफाई के लिए समर्पण जरूरी है, आप सभी लोग शहर को अपना शहर मानकर व्यवस्था में सुधार लाएं। बैठक में निगमायुक्त के साथ अपर आयुक्त अरविंद शाह, देवेंद्र सिंह चौहान, उपायुक्त संभव अयाची, स्वास्थ्य अधिकारी अंकिता बर्मन, सहायक नोडल अधिकारी अभिनव मिश्रा, सहायक स्वास्थ्य अधिकारी और सफाई ठेकेदार उपस्थित रहे।



# चैत्र नवरात्रि पर मां बड़ी खेरमाई मंदिर में विशेष व्यवस्थाएं

### श्रद्धालुओं के लिए मंदिर ट्रस्ट ने किया व्यापक प्रबंध

**नवभारत, जबलपुर।** चैत्र नवरात्र के आरंभ के साथ ही मां श्री बड़ी खेरमाई मंदिर परिसर में श्रद्धालुओं के आगमन, पूजन-अर्चन और आयोजन के लिए विशेष व्यवस्थाएं की गई हैं। मंदिर ट्रस्ट अध्यक्ष शरद अग्रवाल ने बताया कि नौ दिवसीय नवरात्रि में प्रतिदिन भगवती का विशेष श्रृंगार और विधिपूर्वक पूजन होगा। प्रात: काल जल अर्पित करने आने वाली माताओं और श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए सभी इंतजाम किए गए हैं। सप्तमी, अष्टमी और नवमी को देवी का विशेष पूजन-आरती होगी, तथा रात्रि 12 बजे भव्य महाआरती आयोजित की जाएगी। मंदिर परिसर में 151 मनोकामना ज्योतिकलश और 1100 जवारा घट स्थापित किए गए हैं, ताकि श्रद्धालु आसानी से दर्शन कर सकें। नवमी के बाद 29 मार्च शाम 7 बजे जवारा विसर्जन की शोभायात्रा परंपरागत मार्ग से निकलेगी। ट्रस्ट पदाधिकारी शशिकांत मिश्रा, अनिल पाल, महेन्द्र जांगड़े, जयकांत उपाध्याय, आशीष त्रिवेदी, सुरेश आहूजा और दीपचंद साहू ने शासन-प्रशासन से सहयोग की अपील की है, ताकि श्रद्धा और आस्था के इस महामेला में व्यवस्था सुचारु रहे। मंदिर का यह स्थल गुप्त शक्तिपीठ होने के कारण देश-विदेश से बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन-अर्चन के लिए आते हैं।


**कब्जा नोटिस (अचल संपत्ति हेतु) नियम 8 (1)**

क्योंकि अधोहस्ता. आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड (पूर्व में इंडिया इंफोलाइन हाउसिंग फाइनेंस लि.) (आईआईएफएल एचएफएल) के सिक्योरिटाइजेशन एंड रिकंस्ट्रक्शन आफ फाइनेंशियल एसेटस एंड इंफोर्समेंट ऑफ सिक्योरिटी इंटरेस्ट एक्ट 2002 के तहत व सिक्योरिटी इंटरेस्ट (इंफोर्समेंट) नियम, 2002 के नियम 3 के सहपठित सेक्शन 13 (12) के तहत शक्तियों के पालन में कंपनी के प्रा. अधिकारी के निम्न देनदारों/सह-देनदारों को उक्त नोटिस प्राप्ति तिथि से 60 दिनों के भीतर नोटिस में कथित राशि चुकाने को कहा था. देनदार राशि नहीं चुका सके, अत: देनदारों व जनता को सामान्यतया नोटिस दी जाती है कि अधोहस्ता. ने उक्त नियमों के नियम 8 के सहपठित उक्त एक्ट की सेक्शन 13 (4) के तहत शक्तियों के पालन में निम्न संपति का कब्जा ले लिया है. देनदारों व जनता को संपति से लेनदेन नहीं करने को आगाह किया जाता है व संपति से कोई भी लेनदेन निम्न राशि व उस पर ब्याज हेतु आईआईएफएल एचएफएल की देनदारी के अधीन होगा. देनदारों का ध्यान एक्ट की सेक्शन 13 की सब स्टेशन (8) के प्रावधानों की ओर आमंत्रित है. यदि देनदार ट्रांसफर या बिक्री हेतु तय तिथि से पहले किसीभी समय लागत, चार्ज व खर्चो सहित 'आईआईएफएल एचएफएल' के बकायों को विलयल कर देता है तो सिक्योड एसेट को 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा नहीं बेचा जाएगा व सिक्योर्ड एसेट की ट्रांसफर या बिक्री हेतु 'आईआईएफएल एचएफएल' द्वारा आगे कोई कदम नहीं उठाया जाएगा.

| देनदारों का नाम | सिक्योर्ड एसेट अचल संपति विवरण | कुल बकाया रु. | डिमांड नोटिस तिथि | कब्जा तिथि |
|---|---|---|---|---|
| श्रीमती वर्षा रजक श्री शशि रजक (प्रॉस्पेक्ट नं. आईएल10160577) | प्लॉट संख्या 122, खसरा संख्या 315/4, महाराजपुर, जबलपुर 482001 का वह पूरा हिस्सा क्षेत्रफल (वर्ग फुट में): संपति का प्रकार: भूमि क्षेत्र, निर्मित क्षेत्र संपति क्षेत्र: 400 | रुपये 683071/- (रु. छह लाख तिरासी हजार इकहत्तर मात्र) | 4-12-2025 | 16/3/2026 |

विवरण हेतु संपर्क- प्रा. अधिकारी ब्रांच आफिस: 225, नेपियर टाउन, दूसरा माला, अपोजिट चन्द्रिका टॉवर्स, शास्त्री ब्रिज रोड, जबलपुर- या कार्पोरेट ऑफिस- प्लॉट नं. 98, फेस- IV, उद्योग विहार, गुड़गांव, हरियाणा.

स्थान- जबलपुर
दिनांक : 19-3-2026

प्रा. अधिकारी
कृते आईआईएफएल होम फाइनेंस लिमिटेड


# शान से मनाया आयुध कर्मचारियों ने गौरव दिवस

### आयुध निर्माणियों को बचाने लिया संकल्प

**नवभारत, जबलपुर।** निगमीकरण के बाद आयुध निर्माणियों में निमार्णी दिवस मनाएं जाने की परम्परा भले ही प्रबंधन की ओर से बंद कर दी गई हो, लेकिन कर्मचारी आज भी उस परम्परा को निभा रहे हैं। इसी क्रम में यूनाइटेड फोरम ऑफ आर्डिनेंस एम्प्लाई के बैनर तले बुधवार को जीसीएफ में निर्माणी के तीनों गेट पर सभी श्रमिक संगठन के नेता एवं पदाधिकारी द्वारा आयुध निर्माणियों का बैच लगाकर आयुध निर्माणियों का मान बढ़ाया एवं भोजन अवकाश के दौरान जीसीएफ के मुख्य द्वार पर निर्माणियों को बचाने एवं याद रखने के लिए शपथ ली। इस मौके पर निर्माणी के मुख्य महाप्रबंधक राजीव गुप्ता ने शपथ को पढ़ा एवं बाकी लोगों ने दोहराया। कार्यक्रम में महाप्रबंधक राहुल चौधरी, महाप्रबंधक ऋतुराज द्विवेदी, महाप्रबंधक सतीश शर्मा के साथ यूनियन एसोसिएशन के विनय गुप्ता, रोहित यादव, उत्तम विश्वास, अमित चंदेल, राकेश रजक, संदीप कतरे, राजेश जंभुलकर, सिद्धार्थ ठाकुर, अजय रजक, मनीष चौरसिया सहित निर्माणी के कई अफसर एवं कर्मचारी नेता उपस्थित रहे।

### आयुध निर्माणी खमरिया में आयुध वीरों को दी गई श्रद्धांजलि



यूनाईटेड फोरम ऑफ आर्डिनेंस एम्पलाई के आव्हान पर आयुध निर्माणी खमरिया में कर्मचारियों द्वारा 221वीं वर्षगांठ पर आयुध निर्माणी दिवस उत्साह के साथ मनाया। आयुध निमार्णी खमरिया के लेबर यूनियन, कामगार यूनियन, एससी, एसटी यूनियन, सीडीआरए समेत अन्य ने सुबह द्वार क्रमांक 1 के पास एकत्रित होकर गुब्बारा छोड़ा और फिर रैली के रूप में गेट क्रमांक 1 से शहीद स्मारक तक पद यात्रा कर आयुध निमार्णी दुर्घटना में शहीद आयुध वीरों को श्रद्धांजलि दी। इस मौके पर आयुध निर्माणी की रक्षा के लिए शपथ भी अधिकारी-कर्मचारियों द्वारा ली गई। कार्यक्रम में मौजूद यूनियनों के वक्ताओं ने ये कहा कि मौजूदा सरकार की नीतियां न तो निर्माणियों की उन्नति को लेकर गंभीर हैं, न ही कर्मचारियों के हित को लेकर। इसके लिए राष्ट्रीय स्तर पर लड़ाई लड़ी जा रही है। अभी तक का 221 साल का इतिहास हमारे लिए गौरवशाली है।

### कुछ इस तरह रहा है इतिहास

जानकारी के अनुसार विगत 18 मार्च 1802 को आयुध निर्माणी अस्तित्व में आया तब से 18 मार्च को आयुध निर्माणी दिवस के रूप में कर्मचारियों द्वारा मनाया जाने लगा। आजादी के बाद अब तक कुल 41 आए दिन निर्माणिया अस्तित्व में हैं इनमें काम करने वाले कर्मचारी देश के तीनों सेना के लिए हथियार गोला बारूद वाहन एवं सैनिकों की वर्दी जूता इत्यादि विभिन्न सामानों का उत्पादन करते आ रहे हैं और इन्हीं उत्पादों का इस्तेमाल कर 1962 1965, 1971 एवं 1999 के जंग में विजय श्री हासिल हुआ। दुर्भाग्यवश वर्तमान में इन 41 निर्माणियों को सात भागों में बांटकर अलग-अलग कंपनी में तब्दील कर दिया गया जिसमें इन कारखाने के अस्तित्व में गहरा संकट मंडराने लगा था। मगर कर्मचारियों द्वारा अपना गौरव दिवस 18 मार्च को याद कर आयुध निर्माणियों दिवस शान से मनाते आ रहे हैं। निर्माणियों को बचाने के लिए एक मंच तैयार किया गया जिसका नाम यूनाइटेड फोरम ऑफ आर्डिनेंस एम्पलाई रखा गया जिसमें लगभग सभी श्रमिक संगठन के साथ अधिकारी वर्ग, इंडियन आर्डिनेंस फैक्ट्री सर्विसेज भी इस मंच में शामिल होकर निर्माणियों को बचाने के लिए संघर्षरत हैं।

### आंगन में खड़ी दो गाड़ियां पार

**जबलपुर।** संजीवनी नगर थाना क्षेत्र अंतर्गत क्लर्क के सूने मकान को निशाना बनाते हुए अज्ञात चोरों ने घर का ताला तोड़कर आंगन में खड़ी मोटरसाइकिल और स्कूटी चोरी कर ली है। पुलिस ने पीड़ित की शिकायत पर मामला दर्ज कर तलाश शुरू कर दी है। जानकारी के अनुसार संजीवनी नगर निवासी मयंक दीक्षित श्रीराम कॉलेज में क्लर्क के पद पर कार्यरत हैं। वे अपने पूरे परिवार के साथ एक शादी समारोह में शामिल होने गाडरवारा गए थे।


**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक / अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक :- 16/03/2026
**आम इश्तहार**

ग्राम पिपरिया तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है किआवेदक ग्राम पंचायत पिपरिया रैपुरा ने ग्राम रैपुरा पिपरिया प.ह.नं. 44 स्थित भूमि ख.न. 100, 95 रकबा 0.02 हे. 0.01 हे. भूमि पर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 23/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। ग्राम पंचायत पिपरिया रैपुरा
प्र.क्रं. 0001/ अ-6/ 2025-26
जारी दिनांक :- 16/03/2026
पेशी दिनांक :- 23/03/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी (जबलपुर)**



**न्यायालय अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी जिला जबलपुर**
राजस्व प्रकरण क्रमांक / अ-6/2025-26
जबलपुर, दिनांक :- 16/03/2026
**आम इश्तहार**

ग्राम पिपरिया तहसील व जिला जबलपुर की आम जनता को सूचित किया जाता है किआवेदक ग्राम पंचायत पिपरिया रैपुरा ने ग्राम रैपुरा पिपरिया प.ह.नं. 44 स्थित भूमि ख.न. 100, 95 रकबा 0.02 हे. 0.01 हे. भूमि पर स्वंय का नाम दर्ज किये जाने इस न्यायालय में आवेदन पत्र प्रस्तुत किया है। तत्संबंध में जिस किसी भी व्यक्ति / संस्था को कोई आपत्ति हो तो वे अपनी आपत्ति पेशी दिनांक 23/03/2026 तक इस न्यायालय में स्वंय उपस्थित होकर अथवा अधिवक्ता के द्वारा पेश कर सकता है। पेशी अवधि व्यतीत हो जाने पर प्राप्त आपत्तियों पर किसी भी प्रकार का विचार नहीं किया जावेगा। ग्राम पंचायत पिपरिया रैपुरा
प्र.क्रं. 0001/ अ-6/ 2025-26
जारी दिनांक :- 16/03/2026
पेशी दिनांक :- 23/03/2026

**अतिरिक्त तहसीलदार**
**बरगी (जबलपुर)**



**कार्यालय नगर पालिका परिषद**
**सिहोरा जिला जबलपुर (म.प्र.)**
क्र./ / राज.शा./2026
सिहोरा, दिनांक :-
**दुकान नाम परिवर्तन इस्तहार सूचना-पत्र**

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है, कि नगर पालिका स्वामित्व की महंत द्वारका दास ट्रकटमिनल की दुकान न. 15 रेन्टल आई डी न. 1000090497 जो श्री छत्रपति ठाकुर पिता श्री मूरत सिंह ठाकुर को आम नीलामी द्वारा मासिक किराये पर दुकान आवंटित की गई थी। उक्त दुकान / भूखंड में नाम परिवर्तन कर अपना नाम दर्ज करवाने हेतु श्री रंजीत सिंह ठाकुर पिता श्री कृपाल सिंह ठाकुर द्वारा आवेदन पत्र, हलफनामा प्रस्तुत किया गया हैं।

अत: उक्त दुकान/भूखंड में श्री रंजीत सिंह ठाकुर पिता श्री कृपाल सिंह ठाकुर का नाम नगर पालिका अभिलेख में दर्ज किये जाने में किसी को कोई आपत्ति हो तो सूचना जारी होने के दिनांक से 15 पन्द्रह दिवस के अंदर अपनी आपत्ति सहप्रमाणों सहित प्रस्तुत कर सकते है। निर्धारित समयावधि पश्चात किसी भी आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

**राजस्व निरीक्षक**
**नगर पालिका सिहोरा**



**आम सूचना**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि, मेरे पक्षकार आनंद लकड़ा पिता महिपाल, निवासी-31/1, झंडा चौक रामनगर, शंकरशाह वार्ड, पोस्ट आफिस विद्युत नगर, भटौली जिला जबलपुर वालों ने, विक्रेता श्यामू लाल पिता हरिसिंह, निवासी-रानी दुर्गावती, समाधि रोड, सोहड, जबलपुर वालो से उनकी स्वयं की सपत्ति/कृषि भूमि प.ह.नं.-00144, खसरा नं.-362 (एस), कुल रकवा 0.5800 हें. भूमि जो ग्राम सोहड तह. बरगी जबलपुर में स्थित है। उक्त संपत्ति/कृषि भूमि को क्रय किये जाने का विक्रय अनुबंध पत्र निष्पादित किया गया है। जिसकी रजिस्ट्री निकट भविष्य में होना है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था, गैरसरकारी, सरकारी तथा बैंक को विक्रय पर कोई आपत्ति हो तो अपनी आपत्ति एक सप्ताह के अंदर मय दस्तावेज के मेरे कार्यालय मे आकर आपत्ति दर्ज करा सकते है। अन्यथा उसके बाद कोई भी आपत्ति मान्य नहीं होगी एवं मेरे पक्षकार उपरोक्त सपत्ति का विक्रय पत्र अपने पक्ष में निष्पादित करा लेगें।

दिनांक-18/03/2026

**भवदीय**
**अधिवक्ता**
**श्रीमती रजनी झारिया म.प्र. हाईकोर्ट**
**कोटक महेन्द्रा बैंक के सामने गौर नदी**
**मंडला रोड, सालीवाडा जिला जबलपुर**



**कार्यालय नगर पालिक निगम, जबलपुर (म.प्र.)**
**लोककर्म विभाग**

N.I.T.NO.:/PWD/2025-26/04/E-tendering/PRO-992 | **निविदा आमंत्रण सूचना** | Date:- 18/03/2026

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीयकृत प्रणाली में पंजीकृत ठेकेदार / मान्यता प्राप्त फर्म से निम्नलिखित कार्य के लिए ऑनलाईन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाइट https://mptenders.gov.in की पर देखा जा सकता है।

| क्रं. | टेण्डर क्रमांक जारी दिनांक | कार्य का नाम | कार्य की समयावधि एवं लागत (लाख में) | निविदा प्रपत्र का मूल्य एवं EMD | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2026_UAD_491568_1 18/03/2026 | संभाग क्रमांक-04 नरसिंह वार्ड अंतर्गत बरसाना मोहल्ला में हेण्ड पंप के पास नाला निर्माण / कवर्ड एवं जाली लगाने का कार्य। (निगम मद) (तृतीय निविदा) | 02 माह<br>रु. 2.12 | 2000/-<br>2125/- | 31/03/2026 |
| 2. | 2026_UAD_491568_2 18/03/2026 | संभाग क्रमांक-04 अंतर्गत रतन कालोनी में डॉ. अशोक कुमार भण्डारी के घर के पास सड़क के दोनों ओर कवर्ड नाली निर्माण कार्य। (निगम मद) (तृतीय निविदा) | 03 माह<br>रु. 4.20 | 2000/-<br>4205/- | 31/03/2026 |

1. निविदा से संबंधित किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाईन की बेबसाईट www.mptenders.gov.in में पर ही किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्र प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**संभाग क्रमांक-04**
**नगर निगम, जबलपुर**



**कार्यालय कार्यपालन यंत्री लोक निर्माण विभाग (भ./स.) संभाग क्रमांक-1 रीवा**

निविदा सूचना क्रमांक 26/ब.ले.लि./निविदा/2025-2026 | **निविदा सूचना** | रीवा, दिनांक-10/03/2026

मध्यप्रदेश के राज्यपाल की ओर से निम्न कार्यो हेतु ऑनलाइन (Online) निविदा समस्त संशोधन सहित के आधार पर प्रपत्र-अ में निविदाकारों, जो केन्द्रीय पंजीयन प्रणाली के तहत लोक निर्माण विभाग में उपयुक्त श्रेणी में पंजीकृत हो, से आमंत्रित की जाती है।

| क्र. | टेण्डर क्रमांक | कार्य का नाम | ठेके की अनु. राशि (रू.लाख में) | 1. अनुमानित राशि 2. निविदा प्रपत्र का मूल्य | 1. निविदा आमंत्रण क्र. 2. कार्यावधि सहित/ छोड़कर |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 |
| 1 | PWDRB 488695 | उपसंभाग त्योंथर अन्तर्गत सोहागी त्योंथर पनवार डमौरा मार्ग लम्बाई 1.60 कि.मी. का बकाया निर्माण कार्य। | 61.19 | 1. 61190.00 2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. छ: माह वर्षाऋतु सहित |
| 2 | PWDRB 488696 | उपसंभाग त्योंथर अंतर्गत ग्राम बरूहुला सिंगो टोला से कंचनपुर पहुँच मार्ग लम्बाई 1.50 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 147.68 | 1. 147690.00 2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. चार माह वर्षाऋतु सहित |
| 3 | PWDRB 488697 | उपसंभाग त्योंथर ग्राम पंचायत खम्हरिया अन्तर्गत ग्राम कुसहा से दुअरानाथ मंदिर पहुँच मार्ग लम्बाई 200 कि.मी. का निर्माण कार्य। | 184.68 | 1. 184680.00 2. 12500.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. चार माह वर्षाऋतु सहित |
| 4 | PWDRB 488700 | उपसंभाग मनगया कोर भवन में नवीनीकरण/मरम्मत का कार्य। | 16.94 | 1. 33880.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 5 | PWDRB 488701 | उपसभाग मनगवां अन्तर्गत माननीय न्यायधीस बगला नं. एफ-टाइंग के बाउन्ड्रीवाल का नवीनीकरण/मरम्मत का कार्य। | 9.59 | 1. 19180.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 6 | PWDRB 488702 | उपसंभाग मऊगंज के भवनों का मरम्मत कार्य। | 3.53 | 1. 7060.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 7 | PWDRB 488703 | उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अंतर्गत विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक एच-2 बिछिया सेक्सन का मरम्मत कार्य। | 3.26 | 1. 6520.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 8 | PWDRB 488704 | उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अंतर्गत विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक जी-2 बिछिया कन्टनजेंसी क्वार्टर सी.एम.ओ. ऑफिस के पास बिछिया का मरम्मत कार्य। | 3.08 | 1. 6160.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 9 | PWDRB 488706 | उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के विशेष मरम्मत के अन्तर्गत शासकीय आवास क्रमांक एच-12 विकास कालोनी का मरम्मत कार्य। | 3.21 | 1. 6420.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 10 | PWDRB 488707 | विशेष मरम्मत के अंतर्गत बगला नं. एफ-3/3 न्यू डॉक्टर कालोनी रीवा का मरम्मत कार्य। | 4.13 | 1. 8260.00 2. 2000.00 | 1. द्वितीय आमंत्रण 2. एक माह वर्षाऋतु सहित |
| 11 | PWDRB 488709 | उपसंभाग क्रमांक-3 रीवा के अन्तर्गत इंजीनियरिंग कालेज संस्था के नवीन बालक छात्रावास में उत्तर की ओर स्थित बाथरूम का मरम्मत कार्य। | 4.90 | 1. 9800.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 12 | PWDRB 488710 | उपसंभाग क्रमांक-1 रीवा के अंतर्गत वर्षाऋतु में विभिन्न सड़कों एवं पुलियों का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 1. 40000.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 13 | PWDRB 488711 | उपसंभाग क्रमांक-3 रीवा के अन्तर्गत वर्षाऋतु में विभिन्न सड़कों एवं पुलियो का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 1. 40000.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 14 | PWDRB 488712 | उपसंभाग मऊगंज के अन्तर्गत वर्षाऋतु में विभिन्न सड़कों एवं पुलियो का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 1. 40000.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 15 | PWDRB 488713 | उपसंभाग त्योंथर के अन्तर्गत वर्षाऋतु में विभिन्न सड़कों एवं पुलियो का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 1. 40000.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 16 | PWDRB 488714 | उपसंभाग मनगवां के अन्तर्गत वर्षाऋतु में विभिन्न सड़कों एवं पुलियो का मरम्मत कार्य। | 20.00 | 1. 40000.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु सहित |
| 17 | PWDRB 488834 | उपसंभाग त्योंथर अन्तर्गत कोनी पहुँच मार्ग लं0 1.50 कि.मी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | 16.91 | 1. 33820.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 18 | PWDRB 488835 | उपसंभाग त्योंथर अन्तर्गत परसिया पहुँच मार्ग लं0 1. 50 कि.मी. में बी. टी. नवीनीकरण का कार्य। | 16.91 | 1. 33820.00 2. 2000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| 19 | PWDRB 488836 | उपसंभाग त्योंथर अन्तर्गत रेस्ट हाउस पहुँच मार्ग लं. 0.20 कि.मी., सोहागी त्योंथर (लेफ्ट पोर्सन) बस्ती मार्ग लं. 1.40 कि.मी., गाढा-138 पहुँच मार्ग लं. 1.20 कि.मी., त्योंथर हा.से. स्कूल पहुँच मार्ग लं. 10.20 कि.मी. लूक भनिगवां पहुँच मार्ग लं. 3.00 कि. मी.. बडागांव अमाव पहुँच मार्ग लं. 3.00 कि.मी. कुल लम्बाई 9.00 कि.मी. में बी.टी. नवीनीकरण का कार्य। | 94.53 | 1. 94530.00 2. 10000.00 | 1. प्रथम आमंत्रण 2. तीन माह वर्षाऋतु छोड़कर |
| | | **कुल योग** | **670.54** | | |

उपरोक्त वेबसाइट में आनॅलाइन भुगतान करने के उपरान्त निविदा प्रपत्र (टेण्डर डाक्यूमेंट) बेवसाइट के माध्यम से प्राप्त हो सकेगा। निविदा प्रपत्र क्रय करने अंतिम दिनांक 07/04/2026 सायं 17.30 बजे तक निर्धारित है। विस्तृत एन.आई.टी. एवं अन्य जानकारी उपरोक्त वेबसाइट में देखा जा सकती है। निविदा में होने वाले समस्त संशोधन का प्रकाशन केवल उपरोक्त वेबसाईट पर किया जायेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नहीं किया जायेगा।

**कार्यपालन यंत्री**
**लोक निर्माण विभाग (भ/स)**
**संभाग क्रमांक-1 रीवा**

जी-27595/25

**स्वभाव स्वच्छता, संस्कार स्वच्छता**